स्कॉटलैंड का स्ट्रैटजिक फ़्रेमवर्क अपडेट – 22 फ़रवरी 2022

संक्षिप्त विवरण

हम आशा करते हैं कि COVID-19 वैश्विक महामारी अब एक अपेक्षाकृत शांत चरण में प्रवेश करके स्थानिक रोग बनने की राह पर चल पड़ेगी; यह बदलाव टीकाकरण और नए उपचारों के क्षेत्र में हुई प्रगति के कारण संभव हो पा रहा है, क्योंकि इन दोनों ने ही वायरस के प्रभाव की तीव्रता को घटाने में मदद की है। COVID-19 अभी-भी एक खतरा बना हुआ है, पर हमें पूरी आशा है कि आगामी वसंत और गर्मी में इस खतरे का कम होना जारी रहेगा।

भावी रणनीति

हमें अपेक्षा है कि हम प्रतिरक्षा के लाभकारी प्रभाव पर, प्रभावी उपचारों की लगातार बढ़ती उपलब्धता पर, और व्यवहारों तथा भौतिक परिवेशों में नियमित अनुकूलनों पर कहीं अधिक निर्भर कर पाएँगे, जिससे कानूनी उपायों का उपयोग अच्छे-से-अच्छे मामले में अनावश्यक और बुरे-से-बुरे मामले में सीमित और अस्थायी बन जाएगा।

वैश्विक महामारी की वर्तमान अवस्था और भावी संभावित परिदृश्यों पर हमारे विचार के आलोक में, हमारा आकलन यह है कि हमारी COVID-19 प्रतिक्रिया को राह दिखाने वाले रणनीतिक इरादे में ऐसे बदलाव किए जाने चाहिए जिनसे वैश्विक महामारी का वह अपेक्षाकृत शांत चरण प्रतिबिंबित हो जिसमें, हमें आशा है कि, हम आ चुके हैं:

> जैसा कि हम एक बेहतर भविष्य के लिए पुनर्निर्माण कर रहे हैं, इसलिए मुख्य रूप से हमारी फिर उठ खड़े होने की क्षमता और बहाली को मज़बूती देने वाले अनुकूलनों और स्वास्थ्य उपायों के ज़रिए, COVID-19 का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करने के लिए।

हम अपेक्षा करते हैं कि हम केसों की संख्या घटाने पर पहले से कम फ़ोकस करेंगे और नुकसान को घटाने पर अधिक। संशोधित रणनीतिक इरादा इस बात को भी मान्यता देता है कि COVID-19 के प्रबंधन की ज़िम्मेदारी केंद्रीय व स्थानीय सरकारों, व्यापक जन सेवाओं, व्यवसायों, गैर-सरकारी अलाभ संगठनों, समुदायों और व्यक्तियों की साझा ज़िम्मेदारी है। हम सभी को COVID-19 संक्रमणों के प्रति सतर्क रहने, नुकसान घटाने के लिए हमारे जीने, काम करने और आपस में व्यवहार करने के तरीके को ढालने, और भविष्य में वायरस के संभावित रूप से तीव्र चरणों के विरुद्ध फिर उठ खड़े होने की अधिक क्षमता का निर्माण करने में अपनी-अपनी भूमिका निभानी है।

हमारी फिर उठ खड़े होने की क्षमता को मज़बूती देने वाले स्वास्थ्य उपाय, हमारी COVID-19 प्रबंधन पद्धति का एक बेहत महत्वपूर्ण पहलू बने रहेंगे और हम स्वास्थ्य व सामाजिक देखभाल प्रणाली में फिर उठ खड़े होने की और भी अधिक क्षमता को समर्थन देने के लिए हमारी जन स्वास्थ्य योग्यताओं और क्षमताओं में निवेश जारी रखेंगे।

हम जन स्वास्थ्य से संबंधित निर्णय लेने, जनसमूह स्वास्थ्य और उससे लाभ पाने वाले लोगों के उपचार के समर्थन के लिए एक आनुपातिक परीक्षण क्षमता को बनाए रखना तथा विकसित करना जारी रखेंगे। संक्रमित होकर उपचार की ज़रूरत वाले लोगों के लिए, अब ऐसे बहुत से उपचार उपलब्ध हैं जो गंभीर रोग या मौत का जोखिम घटा सकते हैं।

हमें एक अधिक मज़बूत, तथा संक्रमण के बाद फिर उठ खड़ा हो सकने वाला समाज बनाना होगा, और जनता तथा संगठनों से उनकी सुरक्षा की ज़िम्मेदारी उठाने की माँग जारी रहेगी। इसमें ऐसे कई संरक्षात्मक व्यवहारों

को हमारे दैनिक जीवन और व्यावसायिक संचालनों में आत्मसात करना शामिल है जिनसे हम पिछले दो वर्षों में काफी परिचित हो चुके हैं।

हमारे काम करने, रहने और सेवाओं को एक्सेस करने के स्थान और तरीके को ढालने के संदर्भ में कहें तो, हमारे लिए इमारतों और स्थानों को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए साथ मिलकर काम करना अत्यावश्यक होगा। हमें वायरस के भावी प्रकोपों या उसके दोबारा सिर उठाने की अपेक्षा है: ये घटनाएँ संस्थागत, स्थानीय या राष्ट्रीय स्तर पर होंगी। जन स्वास्थ्य घटना प्रबंधन मार्गर्शन (गाइडेंस ऑन द मैनेजमेंट ऑफ़ पब्लिक हेल्थ इंसिडेंट्स) को अपडेट किया जाएगा और हम COVID-19 की भावी निगरानी और निगहबानी के समर्थन के लिए हमारे साझेदारों के साथ मिलकर मॉडलिंग, डेटा और विश्लेषण का एक नया फ़्रेमवर्क बनाएँगे। इससे हमें यह तय करने में मदद मिलेगी कि हमें कब और कैसे प्रतिक्रिया देने की ज़रूरत है।

वायरस के कारण भविष्य में उत्पन्न हो सकने वाले खतरों पर प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने की योग्यता कायम रखने के लिए हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आवश्यक कानूनों को अप-टू-डेट रखा जाए। इन कानूनों के होने का अर्थ यह नहीं है कि उन्हें लागू किया जाएगा, पर इसका यह अर्थ अवश्य है कि ज़रूरत पड़ने पर उन्हें तैयार रहना चाहिए।

अनुकूलन, न्यूनीकरण और संरक्षण के भावी उपायों का विकास करने में हमें समाज के हर व्यक्ति की ज़रूरतों का ध्यान रखते रहना होगा। इस वैश्विक-महामारी ने असमानताओं, गरीबी और प्रतिकूलताओं को और बढ़ा दिया है और इस बात का स्पष्ट साक्ष्य मौजूद है कि नुकसान असमान ढंग से महसूस हुआ है, जिसमें वे लोग और समुदाय शामिल हैं जो पहले से ही अपेक्षाकृत खराब परिणामों का अनुभव कर रहे थे। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि समाज को दोबारा खोलने और COVID-19 के साथ जीना सीखने के दौरान हर कोई अपना जीवन अपेक्षाकृत अधिक सामान्यता के साथ जी सके। हम इस रोग को गरीबों, वंचितों या क्लीनिकल दृष्टि से अधिक जोखिम में मौजूद लोगों का रोग बनने नहीं दे सकते हैं।

स्कॉटलैंड को संक्रमण के खतरों के लिए तैयार होने में मदद देने वाली योजनाएँ, कार्यविधियाँ और प्रोटोकॉल मौजूद हैं और साथ ही वे कानूनी प्रक्रियाएँ भी हैं जो स्कॉटलैंड में संक्रामक खतरों के घटित होने पर उनके प्रबंधन के तरीके को और मज़बूती देती हैं। एक ओर नए वेरिएंट सामने आ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अब हमारे पास ज़्यादा से ज़्यादा डेटा और विश्लेषण उत्पन्न करने की क्षमता है जो स्कॉटलैंड जन स्वास्थ्य (पब्लिक हेल्थ स्कॉटलैंड) और स्कॉटलैंड सरकार (स्कॉटिश गवर्नमेंट) के भीतर हमें चाहिए।

COVID-19 के प्रति हमारी प्रतिक्रिया की रणनीति नीचे स्पष्ट की गई है।



हमारी पद्धति को जन-जन तक पहुँचाना

हमने आगे बढ़ते हुए COVID-19 के प्रभावी प्रबंधन के लिए हमारी निम्नलिखित योजनाएँ तैयार की हैं।

टीकाकरण

COVID-19 के विरुद्ध हमारी प्रतिक्रिया में, टीकाकरण एक अत्यंत महत्वपूर्ण घटक बना हुआ है, और [विश्व स्वास्थ्य संगठन] ने सूचित किया है कि नवंबर 2021 तक, स्कॉटलैंड में टीकाकरण ने COVID-19 से हो सकने वाली 27,000 से भी अधिक मौतों की संभवतः रोकथाम की है।

अब हम टीकाकरण व प्रतिरक्षीकरण संयुक्त समिति (जॉइंट कमेटी ऑन वैक्सिनेशन एंड इम्युनाइज़ेशन, JCVI) से प्राप्त हालिया सलाह का पालन करते हुए सभी 5 से 11 वर्षीय बच्चों का टीकाकरण पूरा करने की योजना पर काम कर रहे हैं और हम जल्द ही 75 वर्ष या इससे अधिक आयु के सभी वयस्कों, देखभाल गृहों के निवासियों और 12 वर्ष या इससे अधिक आयु के उन सभी व्यक्तियों जिनकी प्रतिरक्षा कमज़ोर है, को अतिरिक्त बूस्टर प्रदान करेंगे। हमने योजना बनाने की प्रक्रिया में यह माना है कि 2022/23 में व उससे आगे भी COVID-19 की प्रतिक्रिया में टीकाकरण की ज़रूरत बनी रहेगी और इसलिए हम कुछ हद तक निरंतर जारी बूस्टर टीकाकरण गतिविधि की लगातार ज़रूरत के लिए तैयारी कर रहे हैं, विशेष रूप से उनके लिए जो सबसे अधिक जोखिम में हैं। हम विस्तृत पैमाने पर टीकाकरण योजनाएँ तैयार कर रहे हैं, जिन्हें ज़रूरत पड़ने पर तेज़ी से लागू किया जा सकता है। साथ ही, गतिविधि और नियोजन का एक मुख्य घटक यह सुनिश्चित करना है कि स्कॉटलैंड में मौजूदा टीकाकरण व प्रतिरक्षीकरण कार्यक्रमों के साथ-साथ COVID-19 टीके प्रदान करने का एक स्थायी मॉडल हो।

हम यह सुनिश्चित करने के हमारे प्रयास भी बढ़ा रहे हैं कि टीकाकरण कार्यक्रम हर व्यक्ति तक पहुँचे, वह सर्वसमावेशी हो और उसमें वंचित समूहों को संलग्न करने के लिए समुदाय और गैर-सरकारी अलाभ संगठनों के साथ पहुँच-विस्तार की गतिविधियाँ तथा साझेदारियाँ हों।

परीक्षण और निगरानी

परीक्षण करने और पता लगाने (ट्रेसिंग) तथा पृथकवास (आइसोलेशन) में रखने की हमारी पद्धति, वैश्विक-महामारी की स्थितियाँ बदलने के साथ-साथ बदलती रहेगी। हमारे हस्तक्षेपों की रेंज में शामिल परीक्षण व संरक्षण (टैस्ट एंड प्रोटेक्ट) की भूमिका भावी चरणों की ज़रूरतों के अनुपात में और हमारे अपडेट किए गए रणनीतिक इरादे की अनुरूपता में बदलती रहेगी।

सावधान और चरणबद्ध अवस्थांतरण के भाग के रूप में, हमारी परीक्षण व संरक्षण (टेस्ट एंड प्रोटेक्ट) पद्धति निम्नलिखित मुख्य प्राथमिकताओं पर फ़ोकस करेगी:

- उन लोगों का संरक्षण जो सबसे कमज़ोर हैं और जो क्लीनिकल दृष्टि से सबसे अधिक जोखिम में हैं (संपूर्ण वैश्विक-महामारी के दौरान एक मुख्य प्राथमिकता);
- रोगी देखभाल को सहायता;
- रोग की व्यापकता की निगरानी;
- प्रकोपों पर प्रतिक्रिया; और
- भावी स्वास्थ्य खतरों के लिए ज़रूरत के मुताबिक उपायों का स्तर बढ़ाना-घटाना।

2022 के वसंत और गर्मियों में प्रवेश के साथ, हम वर्तमान नियमित लक्षणहीन परीक्षण कार्यक्रमों को छोड़कर, निम्नलिखित की सतत और पर्याप्त रूप से तेज़ सुलभता सुनिश्चित करने की दिशा में कदम बढ़ाएँगे:

- उनके लिए परीक्षण जिन्हें क्लीनिकल देखभाल की ज़रूरत है या जिन्हें नए और उभरते उपचारों से लाभ मिलेगा;
- क्लीनिकल दृष्टि से सबसे अधिक जोखिम में मौजूद लोगों के संरक्षण पर सतत फ़ोकस;
- उभरती हुई समस्याओं का पता इतनी जल्दी लगाने, कि उन पर प्रभावी प्रतिक्रिया दी जा सके, के लिए पर्याप्त रूप से मज़बूत निगरानी (जीनोमिक सीक्वेंसिंग शामिल) कायम रखना;
- जिन समुदायों में प्रसार बना हुआ है वहाँ स्थानीय प्रतिक्रिया को सहायता देना जारी रखना; और
- विशेष रूप से अधिक जोखिम वाले स्थानों में – भविष्य में खतरे के स्तरों से निपटने के लिए हमारी प्रतिक्रिया का स्तर बढ़ाने की योग्यता के साथ – प्रकोप प्रबंधन और न्यूनीकरण को सहायता देना।

हम मार्च 2022 में एक विस्तृत अवस्थांतरण योजना प्रकाशित करेंगे जिसमें स्थानिक (एंडेमिक) चरण में परीक्षण व संरक्षण (टेस्ट एंड प्रोटेक्ट) की हमारी अपडेटेड योजनाओं का वर्णन होगा और इस बात का वर्णन होगा कि हम वर्तमान स्थिति से उस अंतिम स्थिर अवस्था में अवस्थांतरण का प्रबंधन कैसे करेंगे। इससे इस बात की पुष्टि होगी कि अवस्थांतरण मार्च के अंत के बाद और कब तक चलेगा।

इस बीच, हम आमजनों के लिए PCR और पार्श्व प्रवाह परीक्षण (लेटरल फ़्लो टैस्टिंग) की सुलभता उसी आधार पर बनाए रखेंगे जो आधार अब है, पर पार्श्व प्रवाह परीक्षण की बारंबारता की सलाह में बदलाव के आधार पर उक्त आधार में बदलाव किए जाएँगे। हालाँकि, हम जनसमूह के स्तर पर हमारी लक्षणहीन परीक्षण पद्धति में विकास कर रहे हैं; वर्तमान में यह पद्धति दूसरों में मिलने से पहले हर अवसर पर परीक्षण की सलाह देती है, पर आगे से इस पद्धति में सप्ताह में कम-से-कम दो बार, और विशेष रूप से, भीड़-भाड़ वाले स्थानों में मिलने

से पहले या आयु अथवा अन्य स्वास्थ्य स्थितियों के कारण क्लीनिकल दृष्टि से कमज़ोर व्यक्ति से मिलने से पहले, परीक्षण करवाने की सलाह दी जाएगी।

हम लक्षणयुक्त व्यक्तियों को अभी-भी यही सलाह दे रहे हैं कि वे PCR परीक्षण बुक करें, और हम (PCR या पार्श्व प्रवाह परीक्षण के माध्यम से) परीक्षण में पॉज़िटिव आने वाले हर व्यक्ति को यह सलाह देना जारी रखेंगे कि वह दूसरों को, जिनमें क्लीनिकल दृष्टि से कमज़ोर हो सकने वाले व्यक्ति शामिल हैं, को संक्रमित करने का जोखिम घटाने के लिए पृथकवास (आइसोलेशन) की सुझावित अवधि तक घर में ही रहे।

उपचार

जो रोगी COVID-19 से ग्रस्त होकर अस्पताल में भर्ती हुए हैं उनके प्रबंधन के लिए अब कई सुस्थापित उपचार उपलब्ध हैं, जिनसे गंभीर रोग और मौतों, दोनों में कमी लाई जा सकती है। अब हम ऐसे उपचार भी प्रस्तुत कर रहे हैं जिन्हें औषधि एवं स्वास्थ्य-देखभाल उत्पाद नियामक अभिकरण (मेडिसिंस एंड हेल्थकेयर प्रॉडक्ट्स रेगुलेटरी एजेंसी, MHRA) ने ऐसे रोगियों के लिए अधिकृत किया है जो अस्पताल में भर्ती नहीं हैं पर जो COVID-19 के कारण भर्ती किए जाने के अधिक जोखिम में हैं।

हम लॉन्ग COVID-19 से ग्रस्त लोगों की देखभाल और सहायता को बेहतर बनाने के लिए भी प्रतिबद्धताएँ लागू कर रहे हैं जिन्हें £10 मिलियन के लॉन्ग COVID सपोर्ट फ़ंड का समर्थन हासिल है। साथ ही, हमने लोगों को उनके लक्षणों के प्रबंधन में और जहाँ ज़रूरी हो वहाँ अतिरिक्त सहायता तक पहुँचने में मदद करने के लिए NHS पर एक लॉन्ग COVID सूचना मंच विकसित किया है और हम COVID-19 के दीर्घकालिक प्रभावों के बारे में पूरे UK में क्लीनिकल दिशानिर्देश को लागू करने में सहयोग देते रहेंगे। NHS का राष्ट्रीय सेवाएँ संभाग (नेशनल सर्विसेज़ डिवीज़न) एक रणनीतिक नेटवर्क स्थापित कर रहा है जिसमें स्कॉटलैंड में लॉन्ग COVID से ग्रस्त लोगों के लिए सेवाओं के सतत विकास, संसाधनपूर्ति और कार्यान्वयन को सहायता देने के लिए क्लीनिकल विशेषज्ञ, NHS बोर्ड और प्रत्यक्षानुभवी एक साथ शामिल होंगे।

हम मानसिक स्वास्थ्य और कुशलक्षेम को बेहतर बनाने पर भी फ़ोकस करेंगे और हम उन्हें सहायता देंगे जो COVID-19 के कारण अधिक क्लीनिकल जोखिम में हैं और हम स्वास्थ्य असमानताओं से निपटने के लिए काम करते रहेंगे।

आवश्यक होने पर संरक्षण के उपाय लागू करना

हम सभी को सावधानी बरतते रहना होगा और सतर्क बने रहना होगा और स्कॉटलैंड सरकार हर किसी को निम्नलिखित के लिए प्रेरित करना जारी रखेगी:

- कमरे को ज़्यादा हवादार बनाएँ।
- अपने हाथ धोएँ और खाँसते या छींकते समय अपने नाक व मुँह को ढकें।
- जिन मामलों में उपयुक्त हो उनमें, घर और कार्यालय दोनों जगहों से थोड़ा-थोड़ा काम करें (“मिश्रित कार्य”)।
- जब आप पात्र हों तब टीका या बूस्टर लगवाएँ।
- प्रोटेक्ट स्कॉटलैंड और चेक-इन स्कॉटलैंड ऐप्स का उपयोग करें।
- सप्ताह में दो बार पार्श्व प्रवाह परीक्षण (लेटरल फ़्लो टेस्ट) करवाएँ, विशेष रूप से भीड़-भाड़ वाले स्थानों में मिलने से पहले या क्लीनिकल दृष्टि से कमज़ोर व्यक्ति से मिलने से पहले;
- यदि आपमें COVID-19 के लक्षण उत्पन्न हों या यदि परीक्षण व संरक्षण (टेस्ट एंड प्रोटेक्ट) आपसे कहे तो PCR परीक्षण करवाएँ।

- यदि आप परीक्षण में पॉज़िटिव आते हैं या परीक्षण व संरक्षण (टेस्ट एंड प्रोटेक्ट) आपसे कहे, तो सुझावित अवधि के लिए स्वयं-पृथकवास (सेल्फ़-आइसोलेशन) में चले जाएँ।

हालाँकि संरक्षण के उपायों से संबंधित अधिकांश विनियम हटाए जा चुके हैं, पर निम्नलिखित चार बुनियादी उपाय अभी-भी लागू हैं जो (इस स्ट्रैटजिक फ्रेमवर्क अपडेट, 22 फ़रवरी, 2022 के प्रकाशन के समय) कानून द्वारा आवश्यक बने हुए हैं:

- आपको अधिकांश इनडोर सार्वजनिक स्थानों और सार्वजनिक परिवहन में फ़ेस-कवर का उपयोग करना होगा (तब के सिवाय जब छूट लागू हो)।
- अतिथि-सत्कार व्यवसायों के लिए परीक्षण व संरक्षण (टेस्ट एंड प्रोटेक्ट) की कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग (संपर्कों का पता लगाना) में सहयोग देने के लिए ग्राहकों की जानकारी एकत्र व साझा करना आवश्यक है।
- व्यवसायों, सेवा प्रदाताओं और उपासना स्थलों के लिए अपने परिसरों में COVID-19 से संपर्क का जोखिम घटाने से संबंधित मार्गदर्शन का पालन करना और अपने परिसरों में COVID-19 की व्यापकता एवं प्रसार को घटाने के उचित व्यावहारिक उपाय करना आवश्यक है।
- बड़े आयोजनों और देर रात के आयोजन स्थलों को 28 फ़रवरी, 2022 तक COVID-19 प्रमाणन योजना का संचालन जारी रखना होगा; इस उपाय को समायोजित करने की योजनाओं के लिए नीचे देखें।

हमने इन कानूनी उपायों को समय रहते मार्गदर्शन में बदलने की योजना बनाई है, और व्यक्तियों एवं संगठनों के लिए प्रायः यही उचित होगा कि जहाँ उपयुक्त हो वहाँ वे इन्हें अपनाना जारी रखें, ताकि वायरस के प्रभावी नियंत्रण को कायम रखने में मदद मिले।

28 फ़रवरी को, कुछ स्थानों में COVID-19 प्रमाणन की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। हालाँकि, कुछ परिसर अपने ग्राहकों व स्टाफ़ को अधिक सुरक्षित महसूस कराने के लिए चाहें तो इन प्रमाणनों की आवश्यकता बनाए रख सकते हैं।

21 मार्च (सांकेतिक दिनांक – पुष्टि आवश्यक) को, हमने इनडोर सार्वजनिक स्थानों और सार्वजनिक परिवहन में फ़ेस-कवर की कानूनी आवश्यकता हटाने की योजना बनाई है। एक बार पुनः बता दें कि कुछ स्थान और सेवा प्रदाता अपने ग्राहकों और स्टाफ़ के संरक्षण में मदद के लिए चाहें तो फ़ेस-कवर उपयोग करने की नीतियाँ बनाए रख सकते हैं। बाकी कानूनी आवश्यकताएँ, उपयुक्ततानुसार, मार्गदर्शन और उत्तम परिपाटी में बदल जाएँगी।

इसके बाद, हमने हमारी परीक्षण व संरक्षण (टेस्ट एंड प्रोटेक्ट) अवस्थांतरण योजना में आगे बढ़ते हुए परीक्षण, स्वयं-पृथकवास और संपर्कों का पता लगाने (कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग) की एक अधिक स्थायी पद्धति अपनाने की योजन बनाई है। हम एक ऐसी स्थिति में पहुँचने की प्रत्याशा कर रहे हैं जिसमें, अन्य संक्रामक रोगों के समान, हम लोगों को यह सलाह देंगे कि यदि उन्हें तबीयत खराब महसूस हो तो वे तब तक सामान्यतः घर पर ही रहें जब तक उनके लक्षण खत्म न हो जाएँ और वे बेहतर महसूस न करने लगें। कानूनी आवश्यकताएँ हटा लिए जाने पर, हम यह अपेक्षा करते हैं कि लोग और संगठन अपने व्यवहारों और स्थानों को एक दिनचर्या के रूप में इस तरह अनुकूलित करना जारी रखेंगे जिससे वायरस के प्रसार को घटाया जा सके।

हम संस्थागत, स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर उपयुक्त समर्थक कानूनों और मार्गदर्शन के साथ, स्पष्ट प्रकोप प्रबंधन योजनाएँ विकसित व लागू करने के लिए हमारे साझेदारों के साथ काम करते रहेंगे, ताकि लोग और

संगठन यह समझ सकें कि किन परिस्थितियों में क्या चीज़ें आवश्यक की जा सकती हैं और वे तदनुसार प्रतिक्रिया दे सकें।

हम वायरस द्वारा उत्पन्न खतरे में किसी भी वृद्धि के लिए तैयार रहेंगे, भले ही वह वृद्धि घटती प्रतिरक्षा के कारण हो, किसी नए वेरिएंट के कारण या अन्य कारकों के कारण। हम सावधानी के साथ विवेक का उपयोग करेंगे, जिसमें हम सभी संबंधित कारकों पर विचार करेंगे; इसमें फिर उठ खड़े होने की क्षमता में वृद्धि शामिल है जिसे हम अनुकूलनों और स्वास्थ्य उपायों की बदौलत हासिल करने की अपेक्षा रखते हैं।

नीचे दी गई तालिका नियोजन (योजना बनाने) के उद्देश्यों से अधिकतम संभव स्पष्टता प्रदान करने के लिए आकलित खतरों पर संभावित प्रतिक्रियाओं का वर्णन करती है, जिनमें वह आवश्यक लचीलापन भी कायम है जो यह सुनिश्चित करने के लिए ज़रूरी है कि हमारी प्रतिक्रियाएँ उपयुक्त रूप से लक्षित हों। इस बात को ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है कि सारे संभावित खतरे एक जैसे नहीं होंगे और हमारी प्रतिक्रिया में सभी संबंधित कारकों पर विचार किया जाना चाहिए।

किसी समय विशेष पर कौन-सा “खतरा स्तर” लागू होना चाहिए इस बात का निर्णय लेने में डेटा का आकलन और विवेक का उपयोग, दोनों शामिल रहेंगे। यही दोनों चीज़ें इस बात के निर्धारण में भी शामिल रहेंगी कि प्रतिक्रिया में कौन-कौन-से उपाय आवश्यक हो सकते हैं। नए वेरिएंट के संदर्भ में, हम उसकी तीव्रता और प्रसरणशीलता, दोनों पर विचार करेंगे। हम यह बात पहले ही सीख चुके हैं कि सभी जोखिमों के प्रभाव बराबर नहीं होते हैं, इसलिए हम सब धान सत्ताइस सेर वाली प्रतिक्रिया नहीं दे सकते हैं। उदाहरण के लिए, यदि कोई नया वेरिएंट अत्यधिक प्रसरणशील है पर उसकी तीव्रता कम है, तो उससे खतरा कम है और जिस वेरिएंट की प्रसरणशीलता कम परंतु तीव्रता अधिक है, उससे हमें खतरा अधिक होगा। यही कारण है कि उपाय लागू करने के लिए निश्चित सीमाएँ या ट्रिगर तय करना (जैसे, प्रति 100,000 जनसंख्या में मामलों की एक निश्चित संख्या) उपयुक्त या सहायक नहीं होगा, क्योंकि इससे हमारी प्रतिक्रिया संभावित रूप से अत्यधिक या अत्यल्प हो सकती है। किन्हीं भी भावी जोखिमों की प्रकृति और संभावित प्रभाव का विवेकपूर्वक आकलन ही वह कुंजी होगा जिससे हमारी प्रतिक्रिया का स्तर तय होगा।

जब भी कभी नियमित प्रतिक्रिया स्तर से ऊँचे स्तर के अस्थायी संरक्षण उपाय लागू होंगे, तो हम उनकी नियमित समीक्षा करते रहेंगे (जैसे, हर तीन सप्ताह पर) और संबंधित प्रत्यक्ष COVID संकेतकों, व्यापक स्वास्थ्य संकेतकों, तथा सामाजिक और आर्थिक संकेतकों पर करीबी नज़र बनाए रखेंगे ताकि जैसे ही इन संरक्षण उपायों में ढील देना उपयुक्त हो तो हम उनमें ढील दे सकें।

हम यह अपेक्षा करते हैं कि भावी खतरों पर हमारी प्रतिक्रियाएँ सामान्यतः पूरे देश में एक साथ लागू होंगी। हालाँकि, उपायों को लागू किए जाने के किसी भी कदम में, प्रासंगिक समय पर, स्कॉटलैंड के विभिन्न भूभागों में उनकी आवश्यकता और आनुपातिकता पर विचार किया जाएगा, जैसे हमारे द्वीपीय समुदायों के संबंध में।

आकलित खतरा	संभावित प्रतिक्रिया श्रेणियाँ (संरक्षण उपायों के प्रकार)	
कम खतरा मध्यम खतरा	**नियमित उपाय: सतर्कता, तैयारी और फिर उठ खड़े होने की क्षमता (कोई क़ानूनी उपाय नहीं)** • टीकाकरण कार्यक्रम से हासिल उच्च प्रतिरक्षा • क्लीनिकल सलाह के अनुरूप प्रभावी उपचारों की सुलभता • प्रसार घटाने के लिए व्यवहारों और स्थानों का अनुकूलन (जैसे, कमरे को ज़्यादा हवादार बनाना, फ़ेस कवर के बारे में उपयुक्त मार्गदर्शन) • जब संभव हो तब मिश्रित कार्य, और उसे उपयुक्त प्रोत्साहन • स्थानीय प्रकोप का प्रभावी और प्रतिक्रियाशील प्रबंधन • लक्षित परीक्षण और सतत निगरानी • यात्रा उपाय लागू हो सकते हैं (जैसे, अन्य देशों द्वारा लागू उपाय)	ध्यान दें: संरक्षण के उपाय क़ानूनन लागू नहीं होंगे पर फिर भी वे उत्तम परिपाटी हो सकते हैं और उन्हें मार्गदर्शन में बनाए रखा जा सकता है।
	बुनियादी संरक्षण उपाय = नियमित और निम्नलिखित: • लक्षण होने या नहीं होने पर लोगों के लिए परीक्षण मार्गदर्शन लागू • पॉज़िटिव होने पर स्वयं-पृथकवास (सेल्फ़-आइसोलेशन) में जाने का मार्गदर्शन लागू • इनडोर सार्वजनिक स्थानों और सार्वजनिक परिवहन में फ़ेस-कवर आवश्यक • परिसरों में जोखिम घटाने के उचित उपायों के संबंध में मार्गदर्शन • यात्रा उपाय लागू हो सकते हैं • कुछ बहुत थोड़े से स्थानों में प्रमाणन आवश्यक	ध्यान दें: इस प्रतिक्रिया श्रेणी से वे उपाय चुने जाएँगे जो आवश्यक और आनुपातिक होंगे – एक साथ सभी आवश्यक हों ऐसा ज़रूरी नहीं है।
अधिक खतरा	**लक्षित संरक्षण उपाय** = बुनियादी उपाय और निम्नलिखित: • जहाँ संभव हो वहाँ, घर से काम करने की आवश्यकता • कुछ अधिक जोखिम वाले स्थानों और गतिविधियों पर आनुपातिक प्रतिबंध • अधिक जोखिम वाले अन्य स्थानों में संरक्षण उपाय। • जहाँ संभव हो वहाँ सामाजिक संपर्क घटाने और शारीरिक दूरी बढ़ाने का मार्गदर्शन। • कुछ देशों के संबंध में अंतरराष्ट्रीय यात्रा आवश्यकताएँ और प्रतिबंध लागू हो सकते हैं। • बहुत से स्थानों में प्रमाणन आवश्यक	ध्यान दें: इस प्रतिक्रिया श्रेणी से वे उपाय चुने जाएँगे जो आवश्यक और आनुपातिक होंगे – एक साथ सभी आवश्यक हों ऐसा ज़रूरी नहीं है।
(उदा. प्रतिरक्षा से बच निकलने की उल्लेखनीय क्षमता वाला वेरिएंट जो रोग तीव्रता बढ़ाता है)	**व्यापक संरक्षण उपाय** = बुनियादी उपाय और लक्षित उपाय और निम्नलिखित: • और भी कई अनावश्यक स्थानों व सेवाओं का संभावित रूप से बंद होना (या सीमित रूप से खुलना) • सामाजिक जमावड़ों और आयोजनों पर क़ानूनी सीमाबंधन।	ध्यान दें: 'व्यापक संरक्षण उपायों' को केवल सबसे गंभीर परिस्थितियों में केवल अंतिम विकल्प माना जाएगा

सकारात्मक व्यवहारों और अनुकूलनों का समर्थन करना

इस समय लोगों को COVID-19 का प्रसार घटाने में मदद करने वाले नियमों का पालन करना होता है और हम इस स्थिति से एक ऐसी स्थिति की ओर बढ़ना चाहते हैं जहाँ लोग और संगठन सकारात्मक व्यवहारों को इसलिए स्वेच्छा से अपनाएँ क्योंकि वे इस बात को मानें कि ऐसा करना सही है।

इस वायरस, विभिन्न भावी वेरिएंट और संभवतः भविष्य के अन्य वायरस के विरुद्ध हमारी दीर्घकालिक प्रतिक्रिया को और मज़बूत बनाने के लिए, हम आनुपातिक संरक्षण व्यवहारों को अंतस्थ करने और बेहतर जन स्वास्थ्य प्रतिक्रियाओं के लिए एक फ़्रेमवर्क बनाने के उद्देश्य से व्यवसायों और संगठनों के साथ साझेदारी में इन प्रयासों की अगुवाई करेंगे। स्कॉटलैंड सरकार स्कॉटलैंड के व्यवसायों, संगठनों और जनसामान्य को भावी झटकों के बाद फिर उठ खड़े होने में अधिक सक्षम बनाने वाले अनुकूलनों का समर्थन करने के लिए सभी सेक्टरों के साथ काम करेगी। हम व्यवसाय अभियान और स्पष्ट व सुगम्य स्कॉटलैंड सरकार मार्गदर्शन का विकास भी करेंगे, अनुपालन टूलकिट को अपडेट भी करेंगेऔर ग्राहकों को सुरक्षित महसूस कराने में मदद देने वाले स्वैच्छिक कार्यों का समर्थन भी करेंगे।

हम सेक्टरों के लिए उपयुक्त अनुकूलनों की पहचान करने के लिए उनके साथ मिलकर काम करेंगे। उनसे, कोई भावी खतरा उत्पन्न होने पर अतिरिक्त संरक्षण उपाय ज़रूरी होने की संभावना घटेगी जिससे वायरस का जोखिम घटाने और व्यवसायों को उनका कार्य जारी रखने देने में मदद मिलेगी। हम नियोक्ताओं को मिश्रित कार्य मॉडलों को अपनाने के लिए उनके कर्मचारियों के साथ मिलकर काम करने हेतु पुरज़ोर ढंग से प्रेरित करना भी जारी रखेंगे।

'सुरक्षित जीवन-यापन' (लिविंग सेफ़ली) संचार रणनीति की समीक्षा की जा रही है और उसे अपडेट किया जाएगा। अपडेट का फ़ोकस स्पष्ट संदेशों का उपयोग करके ज़रूरी व्यवहारों को हमारे दैनिक जीवन में आत्मसात करने पर होगा ताकि जनता को यह समझने में मदद मिले कि वह क्या-क्या करना चुन सकती है और क्यों।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर COVID-19 के प्रबंधन में सहायता करना

हालाँकि इस समय COVID-19 के सर्वोच्च जोखिम वाले देशों व राज्यक्षेत्रों की लाल सूची में कोई देश नहीं है, पर UK स्वास्थ्य सुरक्षा अभिकरण (UK हेल्थ सिक्यॉरिटी एजेंसी, UKHSA) अंतरराष्ट्रीय डेटा की निगरानी जारी रखे हुए है और जो भी कोई चिंता होगी उसके बारे में चारों राष्ट्रों को सूचित करेगी। भविष्य में लाल सूची में मौजूद किसी देश से आने वाले यात्रियों के लिए प्रबंधित संगरोध सेवा (मैनेज्ड क्वॉरंटीन सर्विस) होटलों के विकल्प पर फ़रवरी के अंत में/मार्च के आरंभ में अतिरिक्त विचार किया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय यात्रा उपायों की समीक्षा का अगला चरण इस बात पर फ़ोकस करेगा कि वायरस के किसी भावी वेरिएंट की पहचान होने पर क्या प्रतिक्रिया दी जानी चाहिए। इसमें अंतरराष्ट्रीय संदर्भ में 'पूर्ण टीकाकरण' की परिभाषा, और UKHSA द्वारा संचालित हो रही सीमा आकस्मिकता टूलकिट का विकास शामिल होंगे।

हम वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) के हमारे साझेदार देशों द्वारा वैश्विक-महामारी पर दी जा रही उनकी प्रतिक्रियाओं में सहयोग देने के लिए उनके साथ काम करते रहेंगे। हम यह काम अग्रलिखित द्वारा करेंगे: COVID-19 चिकित्सीय आपूर्तियाँ प्रदान करना, प्रभावी टीकाकरण कार्यक्रम-निर्माण में सहायता देना, वैश्विक स्तर पर टीके की गुणवत्ता में सुधार के आहवान के लिए परस्पर सहयोग करना, और सब-सहारा अफ़्रीकी साझेदार देशों में COVID-19 टीकों की समतापूर्ण सुलभता को समर्थन देने की पहलों में फ़ंडिंग का निवेश जारी रखना।

सर्वोच्च जोखिम में मौजूद लोगों की सहायता करना और स्वास्थ्य असमानताएँ घटाना

हम यह सुनिश्चित करना जारी रखेंगे कि सर्वोच्च जोखिम में मौजूद लोगों को यह पता हो कि यदि उन्हें आगे और मार्गदर्शन चाहिए हो तो उन्हें कहाँ जाना चाहिए, और हम इस समूह की सहायता के लिए अतिरिक्त सलाह व जानकारी प्रदान करेंगे और हम, संभावित नए वेरिएंट और उभरते हुए साक्ष्यों पर विचार करते हुए ऐसे लोगों की पहचान व सहायता करने के तरीकों की तलाश जारी रखेंगे जो सर्वोच्च जोखिम में हो सकते हैं।

देखभाल गृहों में COVID-19 का भावी प्रबंधन उस जानकारी के आधार पर विकसित किया जाता रहेगा जो संक्रमण की रोकथाम व नियंत्रण तथा व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट, PPE) के अत्यधिक महत्व और टीकाकरण के लाभों के संबंध में हम जान चुके हैं।

स्कॉटलैंड सरकार स्कॉटलैंड में सार्वजनिक सेक्टर द्वारा PPE की खरीद और आपूर्ति की एक नई पद्धति वर्ष 2022-23 के दौरान विकसित कर रही है, जो 2023 में सक्रिय कर दी जाएगी।

व्यापक हानियों का न्यूनीकरण और बहाली का समर्थन

हम इस संकट की जारी और संचित हानियों का न्यूनीकरण जारी रखे हुए हैं और हम हमारी सार्वजनिक सेवाओं की बहाली तथा एक बेहतर भविष्य हेतु पुनर्निर्माण के लिए साथ मिलकर आगे बढ़ रहे हैं, और ऐसे में हम पूरी अर्थव्यवस्था के सभी सेक्टरों और संपूर्ण समाज के साथ काम करते रहेंगे। हम जानते हैं कि COVID-19 ने हमारे समाज के कुछ वर्गों को अधिक हानि पहुँचाई है, इसलिए हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि हमारे कदम असमानता को और न बढ़ाएँ, बल्कि परिणामों को बेहतर बनाएँ। हम हमारी COVID-19 बहाली रणनीति (रिकवरी स्ट्रैटजी) की अनुरूपता में वह गतिविधि जारी रखेंगे जो हमारे व्यवसायों, शैक्षिक स्थानों, सामाजिक देखभाल, आवासन, परिवहन, न्याय और अन्य सार्वजनिक सेवाओं के समर्थन में सहायता कर रही है।

आगे की राह

हमें हर वह कार्य करते रहना होगा जो फिर उठ खड़े होने की क्षमता बनाए रखने और वायरस को नियंत्रित रखने के लिए ज़रूरी है। हमारा जीवन ठीक वैसा तो कभी नहीं हो पाएगा जैसा वह COVID-19 से पहले था, और असल में, इस वैश्विक-महामारी के दौरान के जीवन के कुछ पहलू ऐसे भी हैं जिन्हें हम अपने साथ रखना चाहेंगे – क्योंकि वे हमें भविष्य में भी काम आ सकते हैं।

यह पद्धति हमारे रणनीतिक इरादे – बहाली करते हुए और बेहतर भविष्य के लिए पुनर्निर्माण करते हुए, मुख्य रूप से अनुकूलन और स्वास्थ्य उपायों के ज़रिए, वायरस का प्रभावी प्रबंधन करना – के अनुरूप होगी। हमारी पद्धति के भाग के रूप में हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमें क्या करना चाहिए इस बारे में जो भी मार्गदर्शन हो, वह स्पष्ट हो।

हम आगे बढ़ तो रहे हैं, पर हम उन सभी को नहीं भूल पाएँगे जिन्हें इस वायरसजन्य त्रासदी ने हमसे छीन लिया है और न ही हम उन संघर्षों और बलिदानों को भुला पाएँगे जो हम सबने साथ मिलकर किए हैं और जिन्हें बहुत से लोग और संगठन अभी-भी कर रहे हैं। विशेष रूप से, हमें उन लोगों की सहायता जारी रखनी होगी जो COVID-19 के बढ़े हुए जोखिम में बने हुए हैं।

और हम UK सार्वजनिक जाँच के साथ-साथ स्कॉटलैंड में COVID-19 सार्वजनिक जाँच के कार्य में सहायता करेंगे। हम इन हालात में हासिल हो रहे उन नए-नए सबकों और शोध की सुनेंगे जिनसे हमें भविष्य की वैश्विक-महामारियों और अन्य आपातस्थितियों से होकर बेहतर ढंग से गुज़रने में मदद मिल सकती है।